Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 07-03-2006

Participants : Prasad Shri Hari Kewal

an>

Title : Need to clear the proposal of the Government of Uttar Pradesh for inclusion of certain castes in the list of Scheduled Castes.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : महोदय, उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश के गरीब एवं पिछड़े वर्ग की निाद, मल्लाह, बिन्द, प्रजापति राजभर एवं अन्य 18 जातियों को अनुसूचित जातियों में शामिल करने हेतु एक प्रस्ताव भेजा है जो अभी तक केन्द्र सरकार में लंबित पड़ा है। इन जातियों को अनुसूचित जातियों में शामिल करने हेतु अधिसूचना जारी कर दी है और लागू भी कर दिया है। यह जातियां कई कारणों से पिछड़ी हुयी हैं और अन्य जातियों के समक्ष लाने हेतु इन्हें अनुसूचित जातियों में शामिल करना अति आवश्यक है। जिससे अन्य जातियों की तरह ये भी आरक्षण का लाभ उठा सके और अपना विकास कर सकें।

सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने उपरोक्त जातियों को अनुसूचित जातियों में शामिल करने हेतु जो प्रस्ताव भेजा है, उसकी स्वीकृति शीघ्र दी जाये।